बुमराह का एक्शन अनूठा है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं। उनके एक्शन की कॉपी कर पाना मुश्किल है। मुझे उनका सामना करने का इंतजार है।

– नाथन मैकस्वीनी

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज, जसप्रीत बुमराह के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिसिकोवा

टेनिस स्टार बारबोरा क्रेजिसिकोवा खेल की दुनिया का बड़ा नाम है। उन्होंने कई खिताब अपने नाम किए हैं। बारबोरा ने अपने खेल के जरिए नाम और शोहरत कमाई है। लेकिन उनके खेल के अलावा उनके शरीर पर टिप्पणी की गई तो खिलाड़ी भड़क गई। उन्होंने न सिर्फ बयान देने वाले को बल्कि उन सभी को सबक दिया जो कि महिला खिलाड़ियों पर इस तरह की टिप्पणी दिया।टेनिस चैनल पर कमेंट्री करते हुए पत्रकार जॉन वरथिम ने बारबोरा के माथे को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि, आपको क्या लगता है, मैं क्या कहूं? बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

क्या आप जानते हैं ?... द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फीफा के इतालवी उपाध्यक्ष डॉ. ओटारियानो बैरासी ने विश्व कप ट्रॉफी को अपने पलंग के नीचे एक जूते के डिब्बे में छुपाए रखा।

शमी रणजी ट्रॉफी के अगले मैच में मध्यप्रदेश के खिलाफ खेलेंगे

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी करीब एक साल बाद बुधवार को शुरु हो रहे रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में मध्यप्रदेश के खिलाफ मैदान पर वापसी करेंगे। शमी को कल से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के अगले मैच के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। बंगाल की टीम इंदौर में मध्य प्रदेश से भिड़ेगी। अगर वह बुधवार से शुरू होने वाले रणजी मैच के बाद और अधिक घरेलू मैच खेलते है तो उन्हें 23 नवंबर से शुरू होने वाली 20 ओवर की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेल सकेंगे, जो कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी से एक दिन पहले शुरु हो रही है। ऐसा माना जा रहा है कि शमी आगामी चार दिवसीय मैच में अपनी फिटनेस साबित कर देते हैं तो उन्हें भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया जा सकता हैं।

एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे मो. नबी

शारजाह, 12 नवम्बर। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने घोषणा की है कि वह अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगे। सोमवार को यहां बांग्लादेश पर अफगानिस्तान की एकदिवसीय श्रृंखला में 2–1 से जीत के बाद 39 साल के नबी ने कहा कि वह पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से इस प्रारूप को अलविदा कहने पर विचार कर रहे थे। श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता से कहा, ''पिछले विश्व कप से मेरे दिमाग में था कि मैं संन्यास ले रहा हूं लेकिन इसके बाद हमने चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई कर लिया और मैंने सोचा कि अगर मैं इसमें खेलता हूं तो शानदार होगा।''

राजस्थान 23 सी.के. नायडू ट्रॉफी टीम घोषित, अंडर-19 टीम घोषित

जयपुर, 12 नवम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के अनुसार बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट सत्र 2024 –25 की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग ले रही राजस्थान अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी टीम के आंध्रा के खिलाफ जयपुर में आगामी 15 – 18 नवम्बर 2024 को खेले जाने वाले मैच हेतु राजस्थान अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी का चयन किया टीम से राहुल गर्ग व देव यादव के स्थान पर हिमांशु नेहरा व शुभम शर्मा का चयन किया गया है। आंध्रा के विरुद मैच हेतु राजस्थान अंडर 23 सी के नायडू ट्रॉफी टीम घोषित :–

करण लांबा (कप्तान), सुमित गोदारा, राज शर्मा, मुकुल चौधरी, जयंत ताम्बी, मोहित चांगरा, चेतन शर्मा, अशोक शर्मा, दीपेंद्र सिंह, हिमांशु नेहरा, शुभम शर्मा, साहिल भास्कर, हार्दिक गौर, रौनक गौर, पुखराज कुमार ।

महाराष्ट्र के विरुद्ध मैच हेतु राजस्थान 19 कूच बिहार ट्रॉफी टीम घोषित आगामी 13 नवम्बर से जयपुर में खेली जाने वाली राष्ट्रिय अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी (मल्टी डेज) में महाराष्ट्र के विरुद मैच हेतु राजस्थान अंडर 19 टीम घोषित। मैच दिनांक 13 से 16 नवम्बर को महाराष्ट्र के विरुद जयपुर में खेला जायेगा।

राजस्थान अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी टीम :– यश यादव, तनय थवानी, निर्मल बिश्नोई, सचिन शर्मा, ध्रुव सेठी, जतिन सैनी, गुलाब सिंह, तोषित भाटिया (कप्तान), नावेद खान, आकाश मुंडेल, चंद्रपाल, पार्थ यादव, मो अनस, आभाष श्रीमाली, सचिन चौधरी, देवेंद्र सिंह तंवर, मनय कटारिया। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में कल दिनांक 13 नवम्बर से खेले जाने वाले अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच से पूर्व आज आरसीए अकादमी पर राजस्थान – महाराष्ट्र अंडर 19 कूच बिहार टीमों ने आरसीए अकादमी पर अभ्यास किया।

अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

शारजाह, 12 नवंबर। रहमानउल्लाह गुरबाज (101) और अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट और नाबाद 70) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बंगलादेश को पांच विकेट से हरा दिया है। 245 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान रहमानउल्लाह गुरबाज और सेदिकुल्लाह अटल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में नाहिद राणा ने सेदिकुल्लाह अटल (14)को आउट कर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद रहमत शाह (8),हशमतउल्लाह शहीदी (6) रन बनाकर आउट हुये। इस दौरान गुरबाज एक छोर थामे रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई और रहमानउल्लाह गुरबाज के बीच चौथे विकेट लिये 100 रनों की साझेदारी हुई। 39वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने आर गुरबाज को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आर गुरबाज ने 120 गेंदों में पांच चौके और सात छक्के लगाते हुये (101) रनों की पारी खेली और अपनी टीम को जीत की दहजीज तक ले गये। पांचवें विकेट के रूप में गुलबदीन नईब (एक) रन आउट हुये। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 77 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 70) रनों की पारी खेली। मोहम्मद नबी ने 27 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (नाबाद 34) रन बनाये। अफगानिस्तान ने 48.2 ओवर में पांच विकेट पर 246 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया।

पर्थ स्टेडियम में लगा लॉकडाउन, टीम इंडिया करेगी सीक्रेट ट्रेनिंग

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2024–25 साइकल की सबसे अहम टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से पर्थ में शुरु होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में इस बार चार की जगह पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं और इस टेस्ट सीरीज का रिजल्ट ये फैसला करेगा की डब्ल्यूटीसी 2023–25 के फाइनल में भारत जगह बना पाएगा या नहीं।टेस्ट सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाना है।

पर्थ के पुराने टेस्ट वेन्यू यानी वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन पर भारतीय टीम ने सीक्रेट ट्रेनिंग कैंप लगाया है। स्टेडियम के चारों तरफ नेट्स लगाए गए हैं और इसके पब्लिक के लिए बंद कर दिया गया है। विराट कोहली पर्थ पहुंचने वाले भारतीय टेस्ट टीम के पहले खिलाड़ी थे, जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज शुरू होने से दो हफ्ते पहले ही पहुंच गए। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा का खेलना मुश्किल है। द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टेडिय इस समय लॉकडाउन में है, जो उस समय की याद दिलाता है जब ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम पर्थ पहुंची थी। इसकी बाउंड्री को नेट्स लगाकर ढक दिया गया था और पब्लिक के लिए इसे बंद कर दिया गया था और इसके अलावा स्टेडियम के कर्मचारियों को भी अंदर फोन इस्तेमाल करने की परमिशन नहीं थी।

भारत को ऋतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली भारत ए टीम के खिलाफ प्रैक्टिस खेल खेलना था, जो पहले से ही ऑस्ट्रेलिय ए के खिलाफ दो मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में थी। हालांकि, बीसीसीआई ने घरेलू टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ क्लीनस्वीप के बाद प्रैक्टिस मैच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच के रूप में ही खेलेंगे।

पर्थ की पिच बनी टीम इंडिया के लिए मुसीबत

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत हो रही है। पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जाएगा। जहां टीम इंडिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। पर्थ की पिच को तेज गति और बाउंस के लिए जाना जाता है और इस बार भी पिच का मिजाज कुछ ऐसा ही रह सकता है। ऐसे में पहले टेस्ट को बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा कहा जा सकता है।भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत हो रही है। पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ा सकता है। पर्थ की पिच को तेज गति और बाउंस के लिए जाना जाता है और इस बार भी पिच का मिजाज कुछ ऐसा ही रह सकता है।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के मुख्य क्यूरेटर आइसैक मैकडोनाल्ड का कहना है कि, ये ऑस्ट्रेलिया है, ये पर्थ है। मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि पिच से गेंदबाजों को गति, बाउंस मिले और गेंद बहुत बढ़िया ढंग से कैरी करे। मैकडोनाल्ड कोशिश कर रहे हैं कि वो उसी तरह की पिच से गेंदबाजों को गति, बाउंस मिले और गेंद बहुत बढ़िया ढंग से कैरी करे। मैकडोनाल्ड कोशिश कर रहे हैं कि वो उसी तरह की पिच तैयार कर सकें जैसी पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान पहले टेस्ट मैच के समय थी। याद दिला दें कि उस मैच में कुल 35 विकेट गिरे थे, जिनमें से 28 विकेट तेज गेदंबाजों के नाम रहे थे। उस मैच को पाक टीम 360 रनों से हार गई थी।

राजस्थान और मुंबई के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी सुशील कुमार का निधन

जयपुर, 12 नवम्बर। जिला फुटबॉल संघ भूतपूर्व सचिव और विजय फुटबॉल क्लब के सचिव अब्दुल जब्बार ने बताया कि बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि राजस्थान और मुंबई के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी सुशील कुमार जी का दिनांक देहांत हो गया है। उनकी आयु लगभग 65 वर्ष की थी। राजस्थान की ओर से 3–4 बार संतोष ट्रॉफी जूनियर खेली थी। साथ ही राजस्थान पुलिस में भी बहुत फुटबॉल टूर्नामेंट खेले थे। कुछ सालों के बाद वे मुंबई फर्टिलाइजर में चले गए। वहां उन्होंने 10 साल तक लगातार संतोष ट्राफी खेली और मुंबई के मशहूर फुटबॉल खिलाड़ियों में उनकी गिनती होती थी। रिटायरमेंट के बाद अपने बच्चों के साथ नासिक में शिफ्ट हो गये। अक्टूबर में उनका कुछ स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण बीमार रहने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। सुशील कुमार सेन्टर फारवर्ड खेला करते थे। वे खेलते हुए बहुत खुबसुरत लगते थे वे बहुत खुश रहते थे और खिलाड़ियों को भी हंसाते रहते थे। ऐसा खिलाडी आज हमारे बीच नहीं रहा। सुशील कुमार हनुमानगढ़ नोहर के रहने वाले थे।

आज सवाई मानसिंह स्टेडियम पर सभी खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रख शोक मनाया। सुशील कुमार के भांजे सुनील राव, बिहारी लाल, अरुण बोहरा, जसवंत सिंह, और फुटबॉल कोच एसके सिन्हा, हितेश शर्मा एवं सभी खिलाड़ियों ने शोक जाहिर कर उनकी ओर से परिजनों को शोक संदेश भेजे कि सुशील कुमार भगवान अपने चरणों में स्थान देवें। सुशील कुमार जी की याद में 11 नवंबर 2024 से बहुत बड़े टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुंबई के पुराने खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका में हो सकती है चैम्पियंस ट्रॉफी

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। भारत ने पाकिस्तान दौरे पर जाने से मना कर दिया है। इस बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने चैंपियंस ट्रॉफी की हाइब्रिड मॉडल में मेजबानी करने पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जवाब मांगा है। पीसीबी ने रविवार को पुष्टि की थी कि उसे आईसीसी से एक ईमेल मिला है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी।अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड मेजबानी से इनकार करता है तो टूर्नामेंट का आयोजन साउथ अफ्रीका में हो सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट का बड़ा नुकसान हो सकता है। आईसीसी ने पीसीबी को हाइब्रिड मॉडल को लेकर आश्वासन दिया है कि उसे पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। 2008 के मुंबई आंतकी हमलों के बाद से भारत ने पाकिस्तान का दौरा नहीं दिया है। दोनों टीमें केवल आईसीसी टूर्नामेंट में ही एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करती हैं।

जब तक पीसीबी चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से पीछे हटने का फैसला नहीं करता तब तक मौजूदा योजना भारत के मैच यूएई में और फाइनल दुबई में आयोजित करने की है। बीसीसीआई ने आईसीसी से कहा है कि हाइब्रिड मॉडल उन्हें तभी स्वीकार्य है जब फाइनल दुबई में हो न कि पाकिस्तान में। पीसीबी ने सोमवार को बीसीसीआई द्वारा आईसीसी को ये सूचित करने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि आईसीसी ने पीसीबी से ये पुष्टि करने को कहा है कि क्या हाइब्रिड मॉडल उन्हें स्वीकार्य है, जिसमें भारत के मैच और फाइनल दुबई में आयोजित किया जाएगा।

वहीं आईसीसी ने पीसीबी को आश्वासन दिया है कि इस व्यवस्था के तहत उन्हें पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। सूत्र ने कहा कि, आईसीसी ने पीसीबी से कहा है कि अगर वह हाइब्रिड मॉडल पर इस मेगा इवेंट की मेजबानी करने का फैसला करता है तो उसे पूरी मेजबानी फीस और अधिकांश मैच मिलेंगे। वहीं सूत्र ने ये भी बताया कि, अगर भारत के इनकार के कारण पीसीबी टूर्नामेंट की मेजबानी से पीछे हटने का फैसला करता है तो आईसीसी टूर्नामेंट को साउथ अफ्रीका में शिफ्ट करने पर विचार कर सकता है। इससे पहले पीसीबी के एक सूत्र ने कहा था कि अभी हाइब्रिड मॉडल पर कोई बात नहीं हुई है।

पाकिस्तान वापस ले सकता है आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से नाम

नई दिल्ली, 12 नवम्बर। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पाकिस्तान जाने की संभावनाओं पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आने के बीच आधिकारिक सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि मेजबान टीम टूर्नामेंट से पूरी तरह से हट सकती है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं जाएगी और वह अपने मैचों के लिए यूएई जैसे तटस्थ स्थल पर खेलने को लेकर सहज है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन फरवरी में किया जाएगा। यह ताजा घटनाक्रम उन रिपोर्टों के बाद सामने आया है जिनमें कहा गया है कि आईसीसी इस टूर्नामेंट को पूरी तरह से स्थानांतरित करने पर विचार कर सकता है। डॉन ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ''ऐसे मामले में सरकार जिन विकल्पों पर विचार कर रही है, उनमें से एक विकल्प पीसीबी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहना है कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग न ले।''

अरावली क्रिकेट एकेडमी और पी.एस. क्रिकेट के बीच फाइनल आज

जयपुर, 12 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 26वीं नवीन–नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज अरावली क्रिकेट एकेडमी हाथोज पर खेले गये सेमीफाईनल मेच में अरावली क्रिकेट एकेडमी ने हिमांशु नेहरा 34 रन पर 2 विकेट तथा 11 गेन्दों में नाबाद 33 रन (3 चौके व 2 छक्कों) की मदद से एन.बी. क्रिकेट एकेडमी को नजदीकी मुकाबले में 3 विकेट से हराकर फाईनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला पी.एस. क्रिकेट एकेडमी से तीन मैचों के फाईनल में का पहला मैच कल अरावली ग्राउण्ड पर होगा।

टॉस जीतकर एन.बी. क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये समर्पित जोशी 62 रन, चिराग शर्मा 56 रन, तनम्य तिवारी 28 रन, हितेश पटेल 29 रन नाबाद की मदद से विलम्ब से प्रारम्भ 30–30 ओवर के मैच में निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 231 रन बनाये। गेन्द बाजी में अरावली क्रिकेट एकेडमी की ओर से दानिश भांबू 46 रन पर 2 विकेट, हिमांशु नेहरा 34 रन पर 2 विकेट, जय गोयल 44 रन देकर 2 विकेट, विशाल गोदारा 34 रन पर 1 विकेट लेकर सफल गेन्दबाज रहे।

जवाबी पारी में अमन मीणा 40 रन, प्रशांत माली 27 रन, हर्जित सिंह 33 रन, शोभित मिश्रा 26 रन, राहुल फौजदार व जय गोयल प्रत्येक 16–16 रन की पारियों की बावजूद एक समय स्कोर 25.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 175 रन था। लेकिन विशाल गोदारा 23 रन नाबाद (9 गेन्द 2 चौके 1 छक्का) हिमांशु नेहरा 11 गेन्दों में नाबाद 33 रन (3 चौके व 2 छक्कों) ने मिलकर 19 गेन्दों में ही जीत के लिये आवश्यक 57 रन की 8वें विकेट के लिये नाबाद साझेदारी निभाकर अपनी टीम को फाईनल में पंहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गेंदबाजी में एन.बी. क्रिकेट एकेडमी की ओर से विनायक तिवारी 23 रन पर 4 विकेट, तथा प्रदीप जाखड़ 56 रन पर 3 विकेट से लेकर सफल गेन्दबाज रहे। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच हिमांशु नेहरा अरावली क्रिकेट एकेडमी रहे।

पिंक स्टार डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग सीजन 6 ऑक्शन सम्पन्न

जयपुर, 12 नवम्बर। डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग का छठा संस्करण 22/11/2024 से 1/12/2024 तक स्पोफिट अकादमी में होने जा रहा है। इसके लिये विभिन्न वर्गों में टीम गठन के लिए लगभग 300 खिलाड़ियों का ऑक्शन दिनाँक 10/11/2024 को मरकरी लाउन्ज में सम्पन्न हुआ। लीग के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ अनिल यादव ने बताया कि इस बार लीग में किड्स कैटेगरी, बॉयज कैटेगरी और वीमेन कैटेगरी में आठ आठ टीमें भाग लेंगी, वहीं वरिष्ठ वर्ग में 20 टीमें भाग लेंगी।

लीग संयोजक डॉ हरीश भारद्वाज ने बताया कि किड्स कैटेगरी में सर्वाधिक बोली 52 पॉइंट्स की रही। ज्योतिरादित्य को इतने पॉइंट्स में राम्या हॉस्पिटल टीम ने लिया। वीमेन कैटेगरी में सर्वाधिक बोली डॉ अंकिता गुप्ता की रही और उन्हें 68 पॉइंट्स में शुभम केअर हॉस्पिटल रेकेटर्स टीम ने लिया। चीफ कॉर्डिनेटर डॉ सुधांशु शर्मा ने बताया कि बॉयज कैटेगरी में सबसे ज्यादा बोली डॉ रवि रलिया की रही। इन्हें 58 पॉइंट्स में लिपि क्लीनिक ने लिया। ऑर्गनाइज़िंग सेक्रेटरी डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों के लिए बोली लगी।

राजस्थान पारूल चौधरी को खिताब

अंडर-15 एवं अंडर-17 नेशनल रैंकिंग प्रतियोगिता

जयपुर, 12 नवम्बर। राजस्थान की पारूल चौधरी ने मंगलवार को सम्पन्न अंडर–15 और अंडर–17 नेषनल रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में एकल खिताब जीत लिया। अंडर–17 लड़कियों के फाइनल में पारूल चौधरी ने कर्नाटक की तीसरी वरियता प्राप्त लक्ष्या राजेष को 21–19, 22–20 से पराजित किया। लड़कियों के अंडर–15 एकल में तेलंगाना की हमसिनी विजेता बनी।

हमसिनी ने खिताबी भिड़त में केरल की शीर्ष वरियता प्राप्त हिथा मरिया जोषे पर 19–21, 21–18, 21–13 से धमाकेदार जीत दर्ज की। अंडर–17 लड़को के युगल में राजस्थान के जंगजीत सिंह काजला और अर्नव शर्मा की शीर्ष वरियता प्राप्त जोड़ी फाइनल में उलटफेयर का षिकार हो गई। आन्ध्रप्रदेष के सी. थिपन्ना और एच विरम रेड्डी की जोड़ी ने राजस्थान के जंगजीत सिंह और अर्नव शर्मा को 23–25, 21–14, 21–18 से पराजित किया।

अंडर–15 लड़को के एकल में दिल्ली के सोलवी वरियता प्राप्त हर्षित खत्री कर्नाटक के शीर्ष वरियता प्राप्त खिलाड़ी पुष्कर साई को 21–16, 21–19 से हराकर विजेता बने। अंडर–17 लड़कियों के युगल में अक्षिता मनराल और शाम्भवी रोहतन की जोड़ी ने फाइनल में तमिलनाडु के अंजना मनिकंदन और कृथ्या सिलवा की जोड़ी को 16–21, 21–12, 21–17 से हराया। अंडर–15 आयु वर्ग के मिश्रित युगल की खिताबी भिड़त में एच. सेन्थला को और एस. रंजन की शीर्ष वरियता प्राप्त जोड़ी ने तेलंगाना के रोहन और धुरूती की जोड़ी को 21–14, 15–21, 21–14 से हराकर खिताब जीता।

अंडर–17 लड़को के एकल फाइनल में महाराष्ट्र देव रूपारेलिया ने पंजाब के जगशेर सिंह को 21–18, 21–14 से, अंडर–17 मिश्रित युगल में सचिन ए. और अनन्या ए. ने अक्षय सिंह और अंजना की जोड़ी को 21–18, 21–14 से, पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। अंडर–15 लड़को के युगल फाइनल में एस. चौधरी और शौर्य चौधरी की जोड़ी ने गुम्स लिचा और करन्ष नायडू की जोड़ी को 21–15, 21–15 से पराजित किया। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएषन के सचिव के.के. शर्मा मनोज दासोत ने पुरूस्कार वितरण किया। इस मौके पर धौलपुर सचिव जाकिर हुसैन, करौली सचिव रोहित आर्य, भरतपुर सचिव रेनू लवानिया, दौसा सचिव चन्द्रेष शर्मा, टोंक सचिव अनिल गुप्ता ने भी मौजदू थे।

एफआईएसयू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैम्पियनशिप में भारत के खिलाड़ियों ने शूटिंग प्रतियोगिता में मारी बाजी

जयपुर, 12 नवम्बर। डॉ. करनी सिंह शूटिंग रेंज नई दिल्ली में दिनांक 09.11.2024 से आयोजित एफ आई एस यू वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैम्पियनशीप में राजस्थान की खिलाडी मानिनी कौशिक ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुये 10 मीटर एयर राईफल स्पर्धा में 632 का स्कोर कायम कर नया विश्व रिकार्ड के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन किया। टीम साथी संजीता दास ने 631.7 का स्कोर व दिशा ने 624.7 के स्कोर कायम कर स्वर्ण पदक भारत के नाम किया। राजस्थान राईफल एसोसिएशन खिलाडियो को बधाई एंव शुभकामनाएं देती है कि खिलाडी उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुये प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश व राज्य का नाम रोशन करेगे।

पिता की रूचि ने बनाया मानिनी को गोल्ड मैडलिस्ट

मानिनी का प्रदर्शन अपने आप में बहुत कुछ कहता है, क्योंकि उन्होंने 1888.4 के स्कोर के साथ एक बार नया विश्व रिकॉर्ड बनाया था और रजत पदक विजेता पोलैंड को दो अंकों के अंतर से हराया, जिसने 1886.4 का स्कोर बनाया था। 1884.5 के स्कोर के साथ जर्मन टीम ने कांस्य पदक जीता था। विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप में कई बार के ओलम्पियनों तथा विश्व विश्वविद्यालय खेलों के पदक विजेताओं से भरा हुआ था। मानिनी के पिता अनिल कौशिक जज हैं। उनके पिता खुद की रुचि के लिए एयर गन लाए थे, लेकिन जल्द ही मानिनी अपने पिता की तरह ही निशानेबाजी करने लगीं और स्टेट लेवल चैंपियनशिप से अपने करियर की शुरुआत की। मानिनी के पिता अनिल कौशिक 2014 में जगतपुरा स्थित शूटिंग रेंज पर लाये ओर कोच चंदन सिंह से मिलकर मानिनी के बारे में बताया तो कोच ने गन चलाने के लिए कहा। कोच चन्दन सिंह ने गुब्बारे वाली गन से मानिनी के

लगाए गए परफेक्ट शॉट से ही कह दिया था कि इस लड़की का निशाना इस गन से परफेक्ट है तो प्रोफेशनल गन से तो इस लड़की को गोल्ड मेडलिस्ट बनने से कोई नही रोक सकता। आज जयपुर की मानिनी 10–एयर राइफल चैंपियनशिप में स्टेट और नेशनल चैंपियन हैं। अब तक उन्होंने स्टेट और नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में कई मेडल जीते हैं, जिनमें से गोल्ड मेडल भी हैं। उन्होंने जूनियर कैटेगरी में दिल्ली के मास्टर कप में दो सिल्वर मेडल भी जीते। कोच की ट्रेनिंग, अपने खेल के प्रति लगन से मानिनी ने 10 वर्षो में गोल्ड मेडल की बरसात अपनी झोली में कर दी। आज मानिनी के पास 70 से ज्यादा मैडल है जिनमे 40–50 तो गोल्ड मैडल ही होंगे साथ ही सिल्वर ओर कांस्य मैडल भी है। उन्होंने रूस में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। 2023 एशियाई खेलों में भारतीय राइफल निशानेबाज मानिनी कौशिक के लिए यह एक कड़वा–मीठा दिन था, क्योंकि उन्होंने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3–पोजिशन टीम प्रतियोगिता में रजत पदक जीता, लेकिन व्यक्तिगत स्पर्धा में केवल 18वां स्थान ही हासिल कर सकीं। जयपुर की मानिनी कौशिक ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित विश्व राइफल चैंपियनशिप में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इलावेनिल वलारिवन, श्रेया अग्रवाल और मानिनी कौशिक की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने करिश्माई प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता और विश्व चैंपियनशिप में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इलावेनिल वलारिवन ने 631, श्रेया अग्रवाल ने 628.5 और मानिनी कौशिक ने 621 का स्कोर बनाकर कुल 1880.7 का स्कोर बनाया और विश्व चैंपियनशिप में विश्व रिकॉर्ड बनाया। जूनियर विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल का स्कोर भी नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड था। मानिनी अब खेल की व्रवालिटी ओर क्वांटिटी पर ध्यान देती है। इंडिया के लिए मैडल जितने ओर पूरी दुनिया मे शूटिंग के नाम के साथ साथ अपने माता पिता का नाम रोशन करना चाहती है।